CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 100 रायपुर, सोमवार 5 मई 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

सुशासन तिहार 2025

## सक्ती जिले के बंदोरा और कोरबा मदनपुर में गांव में उतरा मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर

### पीपल के पेड़ के नीचे विष्णुदेव साय ने लगाया चौपाल



**रायपुर,** 5 मई (हाईवे चैनल)। जनता की समस्या के समाधान के लिए आज से सुशासन तिहार के तीसरे फेज की शुरुआत हो चुकी है। इस विशेष अभियान के दौरान सीएम विष्णुदेव साय अलग-अलग जिलों के आकस्मिक दौरे पर रहेंगे। अभियान के पहले दिन सीएम साय सक्ती जिले के बंदोरा गांव पहुंचे। प्रदेश के मुखिया के आगमन पर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। करिगांव के ग्रामीणों और महिलाओं ने तिलक और आरती से उनका स्वागत किया। साथ ही उन्होंने सीएम को कमल फूल भी भेंट किया। इसके बाद करिगांव में पीपल के पेड़ के नीचे मुख्यमंत्री की चौपाल लगाई गई। जहां वे खाट पर बैठकर ग्रामीणों से बातचीत कर रहे हैं। संवाद के दौरान ग्रामीण भी अपनी बातें मुख्यमंत्री के समक्ष रख रहे हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ग्रामीणों से सरकार के योजनाओं का फीडबैक ले रहे हैं। इस दौरान ग्रामीणों से पीएम आवास योजना के संबंध में जानकारी ली। जमीनी हकीकत जानने के लिए सीएम ने लाभार्थी सोनाई बाई के घर पहुंचकर निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री साय ने आवास की गुणवत्ता, निर्माण प्रक्रिया और लाभार्थी से जुड़ी जानकारी ली। सीएम विष्णुदेव साय आए, साथ सौगात लाएज् सुशासन तिहार के पहले दिन आकस्मिक दौरे पर सक्ती जिले के करिगांव पहुंचे सीएम साय ने सौगातों का पिटारा खोल दिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने नया पंचायत भवन के निर्माण से लेकर मंदिर के सौंदर्यीकरण की घोषणाएं की है। बंदोरा गांव में चौपाल लगाने के बाद मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर कोरबा के मदनपुर में उतरा सीएम का हेलीकॉप्टर, विष्णुदेव साय सुनेंगे सुशासन तिहार के अंतर्गत सीएम विष्णुदेव साय कोरबा जिले के मदनपुर पहुंचे, जहां वे समाधान शिविर में शामिल होंगे. हैलीपैड पर अपने मुखिया को देखने बड़ी संख्या में जनता पहुंची है. हैलीपैड पर सीएम साय का स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया. सीएम की अगुवानी करने जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं.

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के चॉपर में आई तकनीकी खराबी, मंगाया गया दूसरा हेलीकॉप्टर



रायपुर, 5 मई (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आने के चलते वे आकस्मिक दौरे के लिए समय पर रवाना नहीं हो सके। इसके बाद सीएम के लिए दूसरा हेलीकॉप्टर मनाया गया है। कुछ देर बाद वे पुलिस परेड ग्राउंड से रवाना होंगे।

आकस्मिक दौरे पर रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा में सीएम साय ने बताया कि सुशासन तिहार के तहत अब तक 40 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इस विशेष अभियान के दौरान मुख्यमंत्री किसी भी समय, किसी भी जिले या गांव में अचानक पहुंच सकते हैं। सीएम साय का दौरा पूरी तरह गोपनीय रखा गया है। स्थानीय प्रशासन से लेकर आम जनता तक, किसी को भी इस बात की जानकारी नहीं होगी कि मुख्यमंत्री साय कब और कहां पहुंचेंगे। सीएम साय किसी भी जिले में पहुंचकर आमजनों से सीधे संवाद करेंगे और ग्रामीणों से मिलकर योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक लेंगे। वे समाधान शिविरों में भी शामिल होंगे और लोगों की समस्याओं को मौके पर ही सुनकर समाधान की दिशा में कार्य करेंगे।

## भारत पर बुरी नजर रखने वालों को 'मुंहतोड़ जवाब' देना मेरी जिम्मेदारी : राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली,** 5 मई (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में वायुसेना प्रमुख और नौसेना प्रमुख एडमिरल के साथ अहम बैठकें कीं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक कार्यक्रम में आतंकवादियों को करारा जवाब देने का संकल्प लिया और कहा कि पहलगाम आतंकी हमले का उचित जवाब देने के लिए चर्चा चल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले कुछ दिनों में सेना प्रमुखों के साथ कई उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठकें की हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने

कहा है कि पहलगाम हमले के दोषियों को करारा जवाब देने के लिए बातचीत चल रही है। इसी दौरान राजनाथ सिंह का एक बयान सामने आया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि सशस्त्र बलों के साथ मिलकर काम करना और भारत पर बुरी नजर रखने वालों को ''मुंहतोड़ जवाब'' देना उनकी जिम्मेदारी है। सिंह की यह टिप्पणी 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की पृष्ठभूमि में आयी है, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। रक्षामंत्री सिंह ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं और उनकी कार्यशैली, दृढ़ संकल्प और जिस तरह से वह ''जोखिम उठाते'' हैं, उससे वे भली-भांति परिचित हैं।

## बॉर्डर पर तनाव के बीच ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियों में छुट्टियां रद्द, कर्मचारियों को काम पर लौटने का आदेश

भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव के चलते देश की ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियों में अलर्ट का माहौल है। हालात को देखते हुए सरकार ने देश की प्रमुख ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियों में सभी कर्मचारियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी हैं। सभी कर्मचारियों को बिना देरी ड्यूटी पर लौटने का आदेश दिया गया है। आदेश के मुताबिक, कोई भी कर्मचारी छुट्टी पर नहीं रहेगा और सिर्फ आपात स्थिति में ही अवकाश की अनुमति दी जाएगी। यह आदेश महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री चंदा और मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री खमरिया में सबसे पहले लागू किया गया है। दोनों फैक्ट्रियां म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड के अंतर्गत आती हैं और रक्षा उत्पादन में अहम भूमिका निभाती हैं। इन फैक्ट्रियों में गोला-बारूद, तोप के गोले, बम और रक्षा से जुड़ी कई सामग्रियों का उत्पादन होता है। ऑर्डिनेंस फैक्ट्री चंदा द्वारा जारी किए गए सर्कुलर में स्पष्ट किया गया है कि यह निर्णय स्ङ्कढ्ढरु के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक के निर्देशों पर लिया गया है। इसमें सभी प्रकार की छुट्टियों को रद्द करते हुए, हर कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से ड्यूटी पर लौटने का सख्त निर्देश दिया गया है।

आदेश में यह भी जोड़ा गया है कि ड्यूटी से अनुपस्थिति को अनुशासनहीनता माना जाएगा। मध्यप्रदेश की खमरिया फैक्ट्री में शुक्रवार को कर्मचारियों और अधिकारियों की छुट्टियां रद्द की गईं। इस संबंध में ह्रस्नन्य के जनसंपर्क अधिकारी अविनाश शंकर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वित्तीय वर्ष में हमारा उत्पादन लक्ष्य काफी बड़ा है, लेकिन अप्रैल महीने में हम उस स्तर तक नहीं पहुंच पाए। इसलिए मुख्यालय से निर्देश मिले हैं कि सभी छुट्टियां रद्द कर दी जाएं ताकि लक्ष्य की पूर्ति के लिए कार्यबल उपलब्ध रहे।

**ब्रेकिंग न्यूज**

### कानपुर में छह मंजिला भवन में लगी आग, एक ही परिवार के 5 जले

**नई दिल्ली,** 5 मई (न्यूज चैनल)। कानपुर के चमनगंज थाना इलाके में घनी आबादी वाले प्रेमनगर इलाके में रविवार रात 9ः30 बजे छह मंजिला इमारत के भूतल में जूते बनाने वाले कारखाने में आग लग गई। ऊंची-ऊंची लपटें देख अफरातफरी मच गई। दमकल की 35 गाड़ियां देर रात तक आग बुझाने की कोशिश में जुटी रहीं। सुबह तक आग पर काबू पाया गया। घटना में पांच लोगों की जान चली गई। रात करीब तीन बजे दमकलकर्मियों ने इमारत में फंसे जूता कारोबारी दानिश, उसकी पत्नी नाजनीन और तीन बेटियों के जले हुए शव निकाले। शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा जताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, प्रेमनगर में दानिश की छह मंजिला इमारत है। इसमें दानिश और उनके भाई कासिफ का ही परिवार रहता है। भूतल पर दानिश का मिलिट्री के जूते बनाने का कारखाना है। इसके ऊपर गोदाम है। इमारत के अन्य तलों में जूते रखे हुए थे। रविवार को कारखाना बंद था। रात करीब 9ः30 बजे कारखाने में आग लग गई। आग को बढ़ता देख इमारत में रह रहे परिवार के लोग जान बचाकर भागे। सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा दमकल की कई गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे। दो सौ मीटर के दायरे को सील कर देर रात तक आग बुझाने के साथ ही बचाव अभियान शुरू किया गया। एहतियातन आसपास की इमारतों को खाली कराया गया। सूचना पर एडीएम राजेश सिंह के अलावा एक दर्जन से ज्यादा थाने का फोर्स मौके पर पहुंच गया। एसडीआरएफ को भी मौके पर बुला लिया गया था। इमारत में आग लगने से दरारें भी पड़ गई हैं। कानपुर के चमनगंज की गलियों में आग की विभीषका को देखने के बाद वहां खड़े लोगों की जुबान पर एक ही सवाल था कि घनी आबादी वाली सकरी गलियों में चल रहे इन कारखानों के संचालन की अनुमति विभाग कैसे दे देते हैं?




चूहा- सुनती हो, राजनाथ सिंह बोल रहे हैं देश जैसा चाहता है वैसा होकर रहेगा।

चुहिया- हां जी, लेकिन तकलीफ तो यही है देश जो चाहता है वही नहीं हो रहा है...!

## खड़ी ट्रक से जा टकराई यात्री बस, हेल्पर की मौत, 8-10 यात्री घायल






**आज तड़के बालोदगहन के पास हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना**

**धमतरी,** 5 मई (हाईवे चैनल)। बालोदगहन के पास आज तड़के एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना घटी जिसमे एक व्यक्ति की मौत हो गई वंही कई गंभीर रूप से घायल हो गए. मिली जानकारी के अनुसार घटना पुरूर थाना क्षेत्र के बालोदगहन पेट्रोल पंप के पास सुबह करीब चार से पांच बजे के बीच की बताई जा रही है, जहां रायपुर की तरफ जा रही यात्री बस नेशनल हाईवे 30 में सड़क किनारे खड़ी ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बस के सामने का कुछ हिस्सा ट्रक में जा घुसा, इस हादसे में हेल्पर की मौत हो गई जबकि कई घायलों को अस्पताल में उपचार जारी है।दुर्घटना में रैना राठी पुरूर, मानशी पुरूर ,किरण गुप्ता धमतरी ,पुनि साव रायगढ़ ,करुणा जगदलपुर, हेमसागर रायगढ़ ,ममता भोई भोपालपटनम आदि घायल बताये जा रहे हैं.सूचना मिलते ही पुलिस मौके पहुंचकर घायल लोगों एंबुलेंस की मदद से धमतरी जिला अस्पताल भेजवाया, वहीं मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई शुरु कर जांच में जुट गई है।

### अज्ञात बोलेरो वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

अज्ञात बोलेरो वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई, वहीं हादसे में एक घायल हुआ है। घटना मगरलोड क्षेत्र में हुई है, अस्पताल सूत्रों ने बताया कि ?शनिवार को मगरलोड के ग्राम बेलरदोना का ग्रामीण कलीराम साहु अपने एक साथी के साथ बाइक में सवार होकर केरेगांव गया हुआ था। जो कि अपना काम निपटा कर वापस लौट रहा था। इस दौरान गांव के समीप ग्राम मोहंदी के पास उसकी बाइक अज्ञात बोलेरो वाहन की चपेट में आ गई। इस हादसे में दोनो बाइक सवार को चोट आई थी, जिन्हें मगरलोड अस्पताल से जिला अस्पताल लाया गया था। जहां रविवार को कलीराम की मौत हो गई पुलिस मामले में मर्ग कायम कर आगे की जांच में जुटी हुई है।

### घायलों को देखने हॉस्पिटल पहुंचे महापौर



बस एक्सीडेंट घायलो को देखने जिला हॉस्पिटल आये महापौर रामू रोहरा ने ड्यूटी में मौजूद डाक्टरों से बात कर घायलों की बेहतर से बेहतर इलाज करने कहा। किसी भी घायलों को कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। डाक्टरो उनका पूरा ख्याल रखे। श्री रोहरा ने घायलों से मुलाकात की।

### करेंगुट्टा पहाड़ी पर हुआ आईईडी ब्लास्ट, चपेट में आने से 2 जवान घायल

**बीजापुर,** 5 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़-तेलंगाना की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन आज 14 वें दिन भी जारी है. इस ऑपरेशन के दौरान एक स्ञ्जस्न के 2 जवान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आ गए. आईईडी ब्लास्ट होने से जवानों के हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई है. घटना के बाद तत्काल जवानों को कैंप लेजाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए चॉपर से बीजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

जानकारी के अनुसार, घायल जवानों में से एक जवान का नाम थानसिंह व दूसरे जवान का नाम अमित पांडे है. नक्सलियों के खिलाफ जारी ऑपरेशन के तहत दोनों जवान स्ञ्जस्न टीम के साथ कर्रेगुट्टा के पहाड़ी में सर्चिंग कर रहे थे. इसी दौरान वे नक्सलियों द्वारा लगाए गए ढ्ढश्वष्ठ की चपेट में आ गए. फिलहाल घायल जवानों का इलाज जारी है.

### फाइनल तैयारी के बीच पीएम मोदी ने की रक्षा सचिव के साथ बैठक



**नई दिल्ली,** 5 मई (न्यूज चैनल)। पहलगाम आतंकी हमले पर भारत की प्रतिक्रिया के बारे में अटकलों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, यह मुलाकात प्रधानमंत्री द्वारा एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह से मुलाकात के एक दिन बाद हुई है। प्रधानमंत्री ने अब तक सेना, नौसेना और वायु सेना के प्रमुखों से मुलाकात की है, क्योंकि केंद्र सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ किस तरह की कार्रवाई करेगी, जिस पर 26 निर्दोष लोगों की जान लेने वाले आतंकी हमले में शामिल होने का संदेह है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बैसरन घाटी में हथियारबंद आतंकवादियों द्वारा 25 पर्यटकों और एक कश्मीरी टट्टू चालक की निर्मम हत्या को 12 दिन बीत चुके हैं। इस हमले की क्रूरता ने पूरे देश में आक्रोश पैदा कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चेतावनी दी है कि आतंकी हमले को अंजाम देने और इसकी साजिश रचने वालों को ऐसी सजा मिलेगी जिसकी वे कल्पना भी नहीं कर सकते। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सशस्त्र बलों के साथ मिलकर काम करना और भारत पर बुरी नजर रखने वालों को मुंहतोड़ जवाब' देना उनकी जिम्मेदारी है।

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 2 दिवसीय 'नगर सुराज संगम' कार्यशाला का किया शुभारंभ



**नगरीय विकास की आगामी पांच वर्षो की कार्ययोजना पर होगा मंथन**

**रायपुर,** 5 मई (हाईवे चैनल)। राजधानी के होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल में आज नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम-सह-कार्यशाला 'नगर सुराज संगम' का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने किया। इस कार्यशाला में प्रदेश के सभी नगर निगमों के महापौर, सभापति, एमआईसी सदस्य, आयुक्त एवं वरिष्ठ अभियंता भाग ले रहे हैं।

बता दें कि कार्यशाला का उद्देश्य नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को आगामी पांच वर्षों की कार्ययोजना के लिए दिशा-निर्देश देना है। इसमें नगरीय प्रशासन विभाग और स्छ्व की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने सभी महापौरों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अध्यक्षों को पत्र लिखकर व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया था। उप मुख्यमंत्री साव ने कार्यशाला की शुरुआत करते हुए कहा कि बड़े-बड़े भवन बनाने से विकास नहीं होता। एक-एक चीज पर योजना बनाकर, उसकी उपयोगिता और आवश्यकता को समझकर विकास करना होता है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे जनता द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को गंभीरता से लें क्योंकि शहर के हर गली, कण और व्यक्ति से उनका सीधा जुड़ाव है। अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री साव ने जल संकट की ओर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा, जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है,

### रायपुर होकर गुजरने वाली वंदे भारत समेत कई ट्रेनें कैंसिल

**देरी से चल रही हैं 6 से अधिक गाड़ियां**

**रायपुर,** 5 मई (हाईवे चैनल)। गर्मी के महीने में रेल यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं. रेलवे ने एक बार फिर कई ट्रेनों को कैंसिल कर दिया है. इसके साथ ही कुछ ट्रेनें देरी से चल रही है. ऐसे में आज कुल 12 से अधिक ट्रेनें प्रभावित रहेगी. समरसता एक्सप्रेस सहित आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें 2 से 10 घंटे की देरी से चल रही हैं। काफी संख्या में ट्रेनों के विलंब से चलनेके कारण यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। 5 मई को रायपुर स्टेशन से रवाना होने वाली कई ट्रेनें पूरी तरह रद्द कर दी गई हैं। इनमें रायगढ़-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस, गोंदिया-रायगढ़-गोंदिया एक्सप्रेस, बिलासपुर-नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, बिलासपुर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस, चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस, जसीडीह-वास्कोडिगामा एक्सप्रेस और सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस शामिल हैं।

CMYK